(ख) क्या कलाकारों, चित्रकारों और अन्य ऐसे व्यक्तियों को इस प्रकार की सुविधा देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) पहले दर्जे के तेंतीस और दूसरे दर्जे का एक मानार्थ कार्ड पास जारी किये गये हैं जो 01.11.1986 तक वैध हैं । प्रत्येक मामले में वैधता की अवधि भिन्न-भिन्न होती है जिसका हिसाब जारी होने की तारीख से लगाया जाता है ।

(ख) जी नहीं ।

जेद्दा के लिए विमान सेवा

166. **श्री मीर्जा इर्शाद बेग** : क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार निकट भविष्य में अहमदाबाद या अन्य किसी स्थान से हज यात्रियों को सुविधा के लिये जेद्दा तक विमान सेवा प्रारंभ करने का विचार रखती है ?

नागर विमानन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : हज तीर्थ यात्रियों को लाने लेजाने के लिए, निकट भविष्य में अहमदाबाद अथवा किसी अन्य हवाई अड्डे से जेद्दा को हवाई सेवा आरम्भ करने का इस समय कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। तथापि, एयर इंडिया बम्बई/दिल्ली और जेद्दाह के बीच प्रति सप्ताह तीन अनुसूचित सेवाएं परिचालित करता है । इन उड़ानों में एक उड़ान हैदराबाद तक बढ़ाई गई है ।

इसके अतिरिक्त हज के मौके पर पूरी तरह हज तीर्थ यात्रियों को लाने ले जाने के प्रयोजनार्थ प्रति वर्ष बम्बई/दिल्ली और जेद्दाह के बीच कई चार्टर उड़ाने परिचालित की जाती हैं ।

विमानपत्तनों पर एक्सरे मशीनें

167. **श्री मीर्जा इर्शादबेग** : क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में ऐसे विमानपत्तनों की संख्या कितनी है जहां एक्सरे मशीनें उपलब्ध हैं और अन्य विमानपत्तनों पर कब तक इस सुविधा के उपलब्ध कराये जाने की संभावना है;

(ख) अहमदाबाद विमानपत्तन पर एक्सरे मशीनें कब उपलब्ध करायी गयी थी और मशीन का उपयोग न किये जाने के क्या कारण हैं और इस सेवा के कब प्रारंभ किये जाने की संभावना है ; और

(ग) क्या यह सच है कि अहमदाबाद विमानपत्तन के धावनपथ और विमानपत्तन के कारें खड़ी करने वाले क्षेत्र में वर्षा के दौरान पानी भर जाता है और यदि हां, तो इस स्थिति में कब तक सुधार किये जाने की संभावना है ?

नागर विमानन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : : (क) इस समय एक्सरे मशीनें 25 हवाई अड्डों पर उपलब्ध हैं । सातवीं योजना की अवधि के अंत तक 17 और हवाई अड्डों को इस प्रयोजन के तहत लाए जाने की संभावना है ।

(ख) अहमदाबाद हवाई अड्डे पर लगाए जाने हेतु एक एक्सरे मशीन पहले ही प्राप्त कर ली गई है । तकनीकी कारणों से इसे लगाया जाना संभव नहीं हुआ है । इसे शीघ्र ही प्रयोज्य बनाया जाएगा ।

(ग) हालांकि अहमदाबाद हवाई अड्डे के धावनपथ पर पानी जमा नहीं होता है, फिर भी कार पार्किंग क्षेत्र पर कभी-कभी पानी जमा हो जाता है । भविष्य में पानी के जमा हो जाने को रोकने के लिए पारगामी (क्रास) निकास-जल प्रणाली की व्यवस्था की जाएगी ।

Anticobra Venom Serum

168. **DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY**: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether any efforts have been made to develop anticobra venom serum;

(b) whether Govt. are aware of an institute in Japan which has developde an Anticobra venom serum; and